एक नजर में

पदमादेवी मुरारीलालजी गुप्ता का निधन, दी श्रद्धांजलि

बुरहानपुर। स्वर्गीय मुरारीलालजी गुप्ता की धर्मपत्नी, नरेंद्र गुप्ता एवं रविंद्र गुप्ता की माताजी, निखिल व प्रशांत की दादीजी पदमादेवी मुरारीलालजी गुप्ता का निधन 2 मार्च सोमवार को हो गया था। जिनका उठावना 5 मार्च गुरुवार को दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक सिंधी धर्मशाला सिंधीपुरा निज निवास स्थान के पास रखा गया था। इस दौरान प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री ,विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी , अर्वाचीन स्कुल संचालक अमित मिश्रा , केला उद्योगपति माधवबिहारी अग्रवाल, राजस्थानी समाज अध्यक्ष कैलाश पारीक, भाजपा महांमत्री चिंतामन महाजन, कॉग्रेस जिलाध्यक्ष रिन्कु टांक, नरहरी दिक्षित, बलराज नावानी,लक्ष्मण मित्तल, राजु पुरोहीत, गजेन्द्र अग्रवाल सहित भारी संख्या में गणमान्य,रेड क्रास सोसायटी,समाज बंधुओं उपस्थित रहकर पुष्पांजली अर्पित की।

शरीफ सालीमार को आम आदमी पार्टी बुरहानपुर जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

बुरहानपुर। आम आदमी पार्टी ने बुरहानपुर जिले के अध्यक्ष के रूप में शरीफ़ सालीमार को नियुक्त किया है। यह नियुक्तियाँ तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने प्रदेश सचिव रियाज़ फारुक खोकर की अनुशंसा पर नियुक्ति प्रदान कर अपनी सहमति जताई है। शरीफ़ सालीमार को बधाई देते हुए,आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव रियाज़ फारुक खोकर ने कहा मुझे शरीफ सालीमार जी के अनुभव और समर्पण पर भरोसा हैं और उम्मीद करता हूं कि वे पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शरीफ़ सालीमार जी ने अपनी नियुक्ति पर कहा मैं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जी और प्रदेश नेतृत्व के साथ साथ जिले के कार्यकर्ताओं का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया है। मैं बुरहानपुर जिले में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ। बुरहानपुर जिले में पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम करूँगा।

थाना प्रभारियों और स्टाफ द्वारा थाना क्षेत्र में की जा रही है पैदल पेट्रोलिंग

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा होली रमजान त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिण् पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना / चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 05/03/2026 को थानाध्चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया,भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,आदि क्षेत्र में फूट पेट्रोलिंग की गई।अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक। बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ऑटो चालक ने खुद भरे रोड के गड्ढे

नेपानगर। चांदनी बोरसल रोड काफी खराब हो गया है। ऐसे में आमजन को यहां से आवागमन काफी परेशानी हो रही है। एक ऑटो चालक ने यहां खुद अपने हाथों से गढ्डों को भरा। दरअसल नेपानगरए चांदनीए बोरसल होते हुए बुरहानपुर की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति खराब है। इसे लेकर वाहन चालक काफी परेशान हैं। एक ऑटो चालक ने खुद इस रोड के कुछ गढ्डे भरे।

वार्ड 14 में जलप्रदाय की समस्या दूर करने की मांग

नेपानगर। नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर ने नेपागर एसडीएम को पत्र लिखकर वार्ड क्रमांक 14 भातखेडा के अधिनस्त आने वाला क्षेत्र चुना भट्टा एरिया में जल प्रदाय समस्या के निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा नेपा लिमिटेड के माध्यम से जल प्रदाय कई वर्षों से होता आ रहा है। नेपा लिमिटेड व्दारा उक्त वार्ड की जल प्रदाय कनेक्शन को विच्छेद कर दिया गया है जिसकी जानकारी नगर पालिका को नही दी गई जिसके चलते विगत एक माह से अधिक समय से वार्डवासियों को पेयजल की समस्या के लिये जूझना पड़ रहा है। अभी ग्रीष्मकालीन ऋतु आरंभ हो चुकी है। ऐसी स्थिति में बिना सूचना दिये जलप्रदाय कनेक्शन का विच्छेद किया जाना न्याय संगत नही हैं। वार्ड के पार्षद को इस समस्या के कारण वार्ड में भ्रमण करनाए वार्डवासियों व्दारा कहासुनी व अपमानित करने जैसी घटनाए हो रही हैं। इसलिए आपसे अनुरोध है 03 दिन के अंदर समस्या का निराकरण कर कनेक्शन जुड़वाया जाए।

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कल तक हो सकेगा पंजीयन

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशों के परिपालन में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के पंजीयन हेतु जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा के आधार पर समितियों को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

तहसील खकनार में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था तुकईथड़, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिरपुर, तहसील नेपानगर में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सीवल, धुलकोट, नावराए तहसील बुरहानपुर अंतर्गत वृत्ताकार सेवा सहकारी संस्था दर्यापुर एवं शाहपुर वहीं बुरहानपुर नगर में रेणुका कृषि उपज मंडी बुरहानपुरए बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था लोनीए सेवा सहकारी संस्था निम्बोला आदि स्थानों पर पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है।

प्रकृति के रंगों में घुला उत्साह, गायत्री परिवार ने मनाई स्वास्थ्यवर्धक होली

सुबह 8 से 11 बजे तक चले इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु परिवार सहित रहे मौजूद...

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। गायत्री परिवार द्वारा श्रीकृष्ण मंगल परिसर में प्राकृतिक रंगों के साथ होली अत्यंत हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाई गई। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चले इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु परिवार सहित उपस्थित रहे और सामाजिक समरसता के वातावरण में उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री परिवार के मनोज तिवारी द्वारा अग्निहोत्र संपन्न कर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर प्राकृतिक रंग अर्पित करते हुए किया गया। इसके पश्चात प्राकृतिक चिकित्सक सुरेश चौधरी ने प्राकृतिक रंगों के महत्व एवं उनके स्वास्थ्यवर्धक लाभों पर प्रकाश डाला।

होली के अवसर पर टेसू के फूलों का रस, नीम का रस, चुकंदर का रस,सुगंधित अष्टगंध,चंदन, हल्दी, मुल्तानी मिट्टी, काली मिट्टी, भस्म एवं गुलाबजल जैसे अनेक प्राकृतिक रंगों से सभी ने एक.दूसरे को रंग लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। प्राकृतिक रंगों की सौंधी सुगंध और उबटन के स्पर्श से वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो उठा। मुल्तानी एवं काली मिट्टी से त्वचा में ताजगी का अनुभव हुआ तथा शरीर के रोमछिद्र खुलने से स्वास्थ्य लाभ का अनुभव सभी ने किया।

दीपक कापड़िया एवं वसंत मोड़े ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए रासायनिक रंगों से बचने और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संदेश दिया। रंगोत्सव के पश्चात सभी श्रद्धालु भगवान के भजनों पर भावपूर्ण नृत्य में सहभागी बने।

प्राकृतिक रंगों के साथ होली मनाने आए युवा बच्चे तथा वरिष्ठ जनों सहित सभी ने फाग के लोक गीतों के साथ भजनों मस्ती के साथ नृत्य किया। अंत में स्वल्पाहार, फलाहार एवं सूप का वितरण किया गया। गायत्री परिवार के दीपक कापड़िया ने सभी उपस्थितजनों को सदसाहित्य प्रदान कर उत्सव को संस्कारमय स्वरूप दिया।

विजय पोद्दार ने बताया यह आयोजन न केवल आनंद और उत्साह का प्रतीक बनाए बल्कि स्वास्थ्य,संस्कृति और पारिवारिक एकता का प्रेरणादायी संदेश भी दे गया। प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का उत्साह सबसे अधिक बच्चों तथा युवाओं में नजर आए जिन्होंने रासायनिक रंगों से दूरी बनाकर प्राकृतिक रंगों से होली खेलने पर गायत्री परिवार का धन्यवाद दिया।

होली मिलन : गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं, मुंह भी मीठा कराया

शहर से लेकर गांव तक रहो होली का उत्साह गायत्री परिवार में भी मनी होली

नवभारत न्यूज

नेपानगर। होली के अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। गांवों में भी होलिका दहनए फाग उत्सव आदि आयोजन हुए वहीं गायत्री परिवार की ओर से भी होलिका दहन किया गया। इस बार ग्रहण के चलते एक दिन छोड़कर धुलेंडी मनाई गई।

शहर के अलावा आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार शाम होलिका दहन किया गया। मंगलवार को ग्रहण के चलते धुलेंडी नहीं मनी। बल्कि बुधवार को धुलंडी का उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक दूसरे के घर पहुंच कर होली की शुभकामनपाएं देते हुए एक दूसरे को रंग लगाया। मिठाई खिलाई। शाम तक यही सिलसिला चलता रहा। बच्चे हाथों में पिचकारी लिए एक दूसरे पर रंगए गुलाल उड़ाते नजर आए।

यहां हुए आयोजन, ई. टाइप कॉलोनी में हुआ आयोजनः-. ई.टाइप कॉलोनी में होली मिलन समारोह हुआ। खंडवा निवासी प्रमित जैन ने बताया यहां उनकी ससुराल है। इस बार नेपानगर में होली मिलन का आयोजन करने का मन बनाया। जिसमे कॉलोनी वासियो के साथ बुरहानपुर के प्रकाश गौर, प्रीति गौर, किशोर पाटिल, प्रतिभा पाटिल, योगिता पाटिल, बदनापुर के नितिन पटेल, भारती पटेल, नगर के उषा मालाकार, अमित मालाकार, कविता मालाकार, वीरू पांडे, नीता पांडे, आशिमा जैन, देवेंद्र जैन,सुषमा जैन, संदीप जायसवाल, नीता जायसवाल, ललिता उपाध्याय, दीपेश जैन, सरला शिंदे, सुरेखा पाटिल, मंगला पार्वे, वैशाली पार्वे, प्रदीप्ती पाव, ज्योतिका कोकटनूर, छाया किरेंगे आदिवासी बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियो ने एक साथ उपस्थित होकर होली मिलन समारोह मनाया।

घाघरला में बंजारा समाज का पारंपरिक फाग उत्सव मनायाः- ग्राम घाघरला में इस वर्ष भी बंजारा समाज द्वारा फाग उत्सव पारंपरिक रीति रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। गांव में कई दिनों से उत्सव की तैयारियां चल रही थीं। समाज के युवाए बुजुर्गए महिलाएं और बच्चे सभी इस आयोजन में बढ़ चढ़कर शामिल हुए। पूरे गांव में रंगए गुलाल और पारंपरिक परिधानों की छटा देखते ही बन रही थी।

बंजारा समाज की सबसे खास परंपरा प्रतिवर्ष रात्रि 4 बजे होली दहन करने की है। मान्यता के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में किया गया होली दहन शुभ माना जाता है और इससे गांव में सुखए शांति व समृद्धि बनी रहती है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी तड़के ठीक चार बजे विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ होली जलाई गई। होली दहन से पूर्व समाज के वरिष्ठजनों ने पूजाए अर्चना कर नई फसल की समृद्धिए परिवारों की खुशहाली और ग्राम के विकास की कामना की। होली दहन के समय बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत गाए। वहीं युवाओं ने ढोलए मंजीरा और थाली की थाप पर नृत्य प्रस्तुत किया। विशेष बात यह रही कि समाज के लोग अपनी प्राचीन वेग वागड़ी भाषा में पारंपरिक गीत गाते हुए सामूहिक नृत्य करते नजर आए। गोल घेरा बनाकर किया गया। यह पारंपरिक नृत्य ग्रामीण संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत कर रहा था।

नेपा लेडिज क्लब ने किया भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

नेपानगर। नेपा लेडीज़ क्लब ने नई अध्यक्ष डॉ सुखदा सिंह के नेतृत्व में होली उत्सव का आयोजन हुआ। सभी सदस्यों ने विशेष थीम रंगों की छटाए खुशियों की उमंग के तहत भाग लेते हुए उत्सव का भरपूर आनंद उठाया।

अध्यक्ष डॉ सुखदा सिंह ने अपने उद्बोधन में प्रस्तुत गीत-नृत्य विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे उत्कृष्टए प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस अवसर पर सारिका कुल्थे, पूनम वर्मा, सपना सोनी, नीता चौधरी, निकिता वर्मा, शोभा शाह, नीतू गोयल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। समापन पर अभिलाषा मेहता ने नेपा लेडीज़ क्लब की कोर कमेटी की अर्चना देशमुख, प्रिती शर्मा, निविता महोबे, सपना सोनी, तकनीकी सहयोगियों व सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिक ऊर्जा, सौहार्द और सकारात्मकता का सजीव प्रतीक बनकर सभी के हृदयों में स्मरणीय छाप छोड़ गया।

होली पर पुलिस भी रही मुस्तैद

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। होली के अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में जिलेभर में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। पुलिस बल द्वारा मुख्य बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों,प्रमुख चौक.चौराहों पर लगातार निगरानी रखी गई।

होली के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों मैं लगे फोर्स और ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। होली, धूलंडी त्योहार के अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिलेभर में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। अधिकारियों द्वारा फील्ड में रहकर सभी संवेदनशील मुख्य बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौक.चौराहों पर सतत भ्रमण कर निरीक्षण किया। और सुरक्षा व्यवस्था मैं लगे अधिकारी कर्मचारियों को समय.समय पर आवश्यक निर्देश देते हुए निगरानी रखी। जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुईए शांति बनी रही।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा कानून व्यवस्था में लगे अधिकारी कर्मचारियों को शांतिपूर्ण ढ़ंग से त्योहार को संपन्न कराने हेतु मुस्तैदी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। बुरहानपुर जिले के नागरिकों ने पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता की सराहना की।

पीएमएफएमई योजना बनी युवा उद्यमियों की सफलता का आधार

बुरहानपुर के कपिल स्थानीय उत्पादों से बना रहे है हेल्दी, बनाना मिलेट्स कुकीज योजना अंतर्गत जिले में 437 प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत प्रदेश में स्थानीय कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का सतत् एवं प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि किसान और युवा उद्यमी केवल कच्चा माल बेचने तक सीमित न रहें, बल्कि उत्पाद को प्रसंस्करण के माध्यम से ब्रांड बनाकर बाजार तक पहुंचाएं और अपनी पहचान स्थापित करें। ऐसा ही एक प्रेरणादायक संदेश बुरहानपुर जिले के युवा उद्यमी कपिल सावले ने प्रस्तुत किया है।

नौकरी छोड़ अपने जिले में शुरू किया उद्यमः- कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ लेकर जिले के एमबीए शिक्षित युवा कपिल सावले ने बनाना मिलेट्स कुकीज का कार्य शुरू कर आत्मनिर्भरता के साथ अपनी पहचान बनाई है।

स्वयं की यूनिट स्थापित करने से पूर्व कपिल इंदौर में एक निजी मोबाइल कंपनी में कार्य करते थे। लेकिन अपने गृह जिला बुरहानपुर में केले की अधिक पैदावार और प्रसंस्करण को देखकर उन्होंने इस क्षेत्र में कुछ नयाए उपयोगी और नवाचारपूर्ण करने का निर्णय लिया।

पीएमएफएमई योजना से मिली आर्थिक सहायताः- एक जिला.एक उत्पाद अंतर्गत बुरहानपुर जिले में केला फसल को चयनित किया गया है। पीएमएफएमई योजना के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा 437 उद्यमियों का बैंक से लोन स्वीकृत कराकर अलग.अलग खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की गयी हैं।

कपिल बताते हैं कि उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में योजना अंतर्गत आवेदन किया। योजना के तहत 10 लाख रुपये की लागत से यूनिट की स्थापना की गयी जिसमें 3ण्50 लाख रुपये अनुदान के रूप में प्राप्त हुए। सहयोग राशि से जनवरी 2025 में ष्कल्पना बनाना प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीजष् की स्थापना की गयीए जिससे स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण को नई गति मिली।

ब्रांड के साथ हेल्दी उत्पादों की शुरुआतः- कपिल बताते हैं कि ष्म्ज ठंदंदंष् ब्रांड के नाम से उन्होंने ष्ब्बनाना मिलेट्स कुकीजष् तैयार करना शुरू किया। तकनीकी सहयोग के लिए तमिलनाडु राज्य में स्थित नेशनल रिसर्च सेन्टर फॉर बनाना में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन लिया। यूनिट में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनें इंदौर एवं मुंबई से लायी गयी हैं।

यूनिट में कुकीज बनाने के लिये केला पाउडर के साथ मक्का और बाजरा के आटे का उपयोग किया जाता है। इससे यह कुकीज खाने में स्वादिष्ट होने के साथ.साथ फाइबरए आयरन और कैल्शियम से भरपूर पोषक उत्पाद बनती हैं। खास बात यह है कि कच्चा माल स्थानीय किसानों से खरीदा जाता हैए जिससे उन्हें भी अपनी फसल का बेहतर और उचित मूल्य प्राप्त होता है।

स्थानीय स्तर से बड़े बाजारों तक पहुंचः- यूनिट में बनाना मिलेट्स कुकीज के 70 ग्राम तथा 200 ग्राम के पैकेट तैयार किये जाते हैंए जिनका मूल्य क्रमशः 20 रुपये और 150 रुपये है। यह उत्पाद स्थानीय बाजारों के साथ.साथ इंदौरए मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

एक नजर — विधायक चिटनिस ने संघ पर आधारित प्रेरणादायी फिल्म शतक देखी ...

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने के लिए की गई : अर्चना चिटनिस

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आधारित प्रेरणादायी फिल्म शतक को देखा। फिल्म को देखने के बाद अर्चना चिटनिस ने कहा कि वर्ष 1925 में पहले सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भारत के आजाद होने से पहले ही कल्पना कर ली थी कि आजाद भारत का स्वरूप कैसा हो।

उन्होंने वर्ष 1925 में जो सोचा था कि भारतीय सनातनी समाज में एकता का भाव, राष्ट्र वाद की चेतना जागृत कर परकीय आतताइयो की हिन्दुओं को दबाने वाली मानसिकता से मुकाबला करने हेतु संगठन जरूरी है। उन्हें मालूम था कि गुलामी का समय तो बहुत जल्दी जाने वाला है और भारत आजाद होने वाला है किन्तु आजाद भारत को एक सशक्त और शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के लिए डॉ.हेडगेवार जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। वर्ष 1925 में भारत के वर्तमान स्वरूप का आकार देने का प्रयास था। राष्ट्र विचार के भाव को जन.जन तक पहुंचाने के लिए इस फिल्म को मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री किया गया है। मध्यप्रदेश के साथ कई राज्य इस फिल्म को टैक्स फ्री कर चुके हैं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने के लिए की गई। डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार अपने जीवनकाल में पं.मदनमोहन मालवीयए महात्मा गांधी सहित कई लोगों के संपर्क में रहे। हेडगेवार जी स्वयं क्रांतिकारी थे। संघ की स्थापना के पहले उन्होंने क्रांतिकारियों से संपर्क कर देश की आजादी के लिए कार्य किया। संघ पर जब पहली बार प्रतिबंध लगाया गया, तब भी संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी राष्ट्रनिष्ठा का परिचय दिया। द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर जी ने अपने जीवनकाल में संगठन को खड़ा किया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश प्रेम से ओतप्रोत संगठन है। साहित्य, चिकित्सा, मजदूर, किसान, विद्यार्थियों सहित अनेक क्षेत्रों के लिए अलग.अलग संगठन बनाकर संघ देश को उसके परम वैभव पर पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है। एआई से जो फिल्म बनी है, उसकी मैं बधाई देती हूं। अपने मध्यप्रदेश में इसको हमने टैक्स फ्री भी किया है। यह फिल्म कई लोगों को सीखने के साथ अच्छे विषयों को लाने की परंपरा की शुरूआत है। मैंने फिल्म को देखा है। हम सभी लोगों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करेंगे।

महापौर माधुरी अतुल पटेल,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने,नेपानगर की पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, मनोज लधवे, चिंतामन महाजन एवं ईश्वर चौहान सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवाओं के साथ आमजन उपस्थित रहे।